समाचार

# वर्षा प्रभावितों से मिले महापौर

## (विभिन्न बस्तियों में पहुंचकर किया स्थल निरीक्षण)



कोरबा 17 जून 2020 –मंगलवार–बुधवार की दरम्यानी रात शहर में हुई तेज वर्षा से प्रभावित बस्तियों में महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने भ्रमण कर मौके पर स्थल का निरीक्षण किया। प्रभावित लोगों का हालचाल जाना तथा जिन व्यक्तियों के घरों को नुकसान पहुंचा है, उन्हें मुआवजा देने तथा निगम द्वारा स्थापित सेल्टर केन्द्रों में उनके रहने खाने आदि की व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों का मार्गदर्शन किया।

मानसून आगमन के साथ ही मंगलवार–बुधवार की दरम्यानी रात को शहर में तेज वर्षा हुई तथा कुछ बस्तियों में मकानों को इससे क्षति पहुंची। वर्षा से हुई क्षति का मुआयना करने महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी व वार्ड पार्षदों के साथ अमरैयापारा, मुड़ापार, चिमनीभट्ठा, कुआंभट्ठा, रामनगर आदि बस्तियों में पहुंचकर बस्तियों का भ्रमण किया। वर्षा से प्रभावित लोगों से भेंट कर उनका हालचाल जाना तथा इसकी सूचना तहसीलदार को दूरभाष पर दी एवं संबंधित क्षेत्र के पटवारी को नुकसान का आंकलन कर उसका मुआवजा तैयार करने को कहा। पटवारी श्री चक्रधर सिदार ने मौके पर ही प्रभावितों की रिपोर्ट तैयार करनी प्रारंभ कर दी। महापौर श्री प्रसाद ने निगम के अधिकारियों से कहा कि जिन व्यक्तियों के मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें चिन्हाकित कर संबंधित परिवारों को निगम द्वारा स्थापित सेल्टर केन्द्रों में रहने–खाने का इंतेजाम करें। इस दौरान महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद व सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी ने चिमनीभट्ठा सामुदायिक मंच, पूर्वांचल भवन, मुड़ापार सार्वजनिक शेड तथा सीतामणी स्कूल में रूके वर्षा प्रभावित लोगों से भी मुलाकात की एवं उनका हालचाल जाना। इस अवसर पर पार्षद राजेन्द्र सूर्यवंशी, शैलेन्द्र सिंह पप्पी, वेदप्रकाश नायक, राजा गुप्ता, राजेश यादव, चक्रधर सिदार पटवारी आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।